दिल मे तू शिव के नाम की,
ज़रा ज्योति जला के देख,
आएगा आएगा डमरू वाला,
दिल से बुला के देख ।ॐ ।
तर्ज दिल में तू श्याम नाम की

किस्मत के ताले खोलना,
बाबा के हाथ है,
एक तेरे कष्ट मिटना,
पल भर की बात है,
किस्मत के ताले खोलेगा,
ज़रा ताली बजा के देख
आएगा आएगा डमरू वाला,
दिल से बुला के देख ।ॐ ।

होगा असर दुवाओ मे,
तो बोलेगी मूर्ति,
जीवन मे जो होगी कमी,
कर देगी पूर्ति,
भोले भंडारी से ज़रा,
नज़रे मिला के देख
आएगा आएगा डमरू वाला,
दिल से बुला के देख ।ॐ ।

जीवन मे शिव के नाम की,
छाई बहार है,
जीवन की नैय्या चल पड़ी,
जाना ही पार है,
किस्मत तेरी जगाएगा,
ज़रा दिल से बुला के देखा,
आएगा आएगा डमरू वाला,
दिल से बुला के देख ।ॐ ।

दिल मे तू शिव के नाम की,
ज़रा ज्योति जला के देख,
आएगा आएगा डमरू वाला,
दिल से बुला के देख ।ॐ ।

Source: https://www.bharattemples.com/dil-me-tu-shiv-ke-naam-ki-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw